'पूर्व विधायक आहूजा को पार्टी की सदस्यता से किया निलंबित

भाजपा में किसी प्रकार की अस्पृश्यता करने तथा जाति, लिंग या मजहब के आधार पर भेदभाव करने वालों के लिए जगह नहीं है : मदन राठौड़

- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि, ''आहूजा का यह कृत्य घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है, उन्हें निलंबित करने के साथ कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है।''
- 'कांग्रेसी नेता उस्मान खान ने मंदिर के बाहर लोगों पर कार चढ़ाई, कांग्रेस को लेना चाहिए गंभीरता से'

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा को प्राथमिक सदस्यता से निलम्बित करने के बाद मीडिया बाइट में कहा कि भारतीय जनता पार्टी में किसी भी प्रकार की अस्पृश्यता करने वाले तथा जाति, लिंग या मजहब के आधार पर भेदभाव करने वालों के लिए जगह नहीं है। पूर्व विधायक आहूजा के बयान और कृत्य के बाद उन्हें पार्टी ने तत्काल प्रभाव से सदस्यता से निलंबित कर दिया, इसके साथ ही उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। आहूजा का यह कृत्य घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। कांग्रेसी नेताओं के पास कोई मुद्दा नहीं बचा तो वे बिना वजह इस मामले को तूल देने का कार्य कर रहे है। आहूजा के बयान के बाद पार्टी ने जब तत्काल कार्रवाई कर दी तो इस मामले पर राजनीति नहीं करनी चाहिए थी। अब कांग्रेस के पास कोई काम बचा ही नहीं क्या।

राठौड़ ने कहा कि भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करने के साथ ही यह प्रतिज्ञा दिलाई जाती है कि ''मैं किसी भी रूप में अस्पृश्यता को नहीं मानता हूं, न उसे व्यवहार में आने देता हूं। मैं जाति, लिंग एवं मजहब के आधार पर किसी प्रकार के भेद-भाव पर विश्वास नहीं करता हूं।'' लेकिन आहूजा ने ऐसा कृत्य किया जिसे पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्टी की ओर से इसे घोर अनुशासनहीनता मानते हुए कार्रवाई भी की। राठौड़ ने एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा अल्पसंख्यकों के कल्याण और उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है लेकिन कुछ अल्पज्ञान वाले लोगों के चलते हमारी मेहनत खराब हो जाती है। ऐसे में मेरा सभी से आव्हान है कि किसी भी तरह का कृत्य करने या बयान जारी करने से पहले हमें पार्टी की विचारधारा और कार्यशैली को समझने की जरूरत है।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस नेता उस्मान खान द्वारा मंदिर के बाहर खड़े लोगों के ऊपर कार चढ़ाने के मामले को कांग्रेस पार्टी गंभीरता से ले, लेकिन इस विषय पर बोलने की बजाय, जो मुद्दा नहीं है, उसे तूल दिया जा रहा है। उस्मान ही नहीं, कर्नाटक के एक कांग्रेसी सांसद ने तो सदन में वक्फ बिल चर्चा के दौरान कांच की बोतल को तोड़कर संयुक्त संसदीय समिति के चेयरमैन जगदंबिका पाल पर फेंकने जैसा घोर निदंनीय कृत्य किया था। इसी आक्रोश से उस्मान खान ने मंदिर के बाहर खडे लोगों पर कार चढ़ाने का काम किया। कांग्रेस को इन विषयों को गंभीरता से लेना चाहिए, लेकिन कांग्रेस इन विषयों पर बोलने की बजाय जो मुद्दा नहीं है, उसे मुद्दा बना रही है यह सही नहीं है।

दिनदहाड़े तीन महिलाओं की चेन और पर्स पार

जयपुर । शहर में तीन महिलाओं से बदमाश सोने की चेन और पर्स ले गए। सहकार मार्ग निवासी तेजपाल सोनी ने नाहरगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह अपनी पत्नी के साथ प्रोग्राम में गया था। वापस लौटने के दौरान बगरू वालों के रास्ते में मिनी बस सवार युवकों से कहासुनी हो गई।

कहासुनी के बाद बस सवार युवकों ने दम्पत्ती से मारपीट की और महिला के गले से सोने की चेन ले गए। घटना के बाद पीडित थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। दूसरी घटना में बिंदायका निवासी सोमा कंवर ने नाहरगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह चांदपोल बाजार में बालाजी के दर्शन करने गई थी। इसी दौरान किसी ने उसके बैग से पर्स पार कर लिया। पर्स में 3000 रुपए, सोने की चेन और सोने के टॉप्स रखे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

तीसरी घटना में श्योपुर रोड सांगानेर निवासी सुप्रिया ने माणक चौक थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह गणगौर की सवारी देखने आई थी। त्रिपोलिया गेट पर किसी ने उसके गले से सोने की चेन पार कर ली। घटना का पता चलने पर पीडिता ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रदेश में अधिक से अधिक पशुओं और पशुपालकों को लाभ पहुंचाएं : कुमावत

पशुपालन-गौपालन मंत्री ने जोराराम कुमावत ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के संयुक्त निदेशकों के साथ समीक्षा बैठक ली।

जयपुर । पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में मंगलवार को टोंक रोड स्थित आरएलडीबी सभागार में पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में शासन सचिव, पशुपालन और गोपालन डॉ समित शर्मा, पशुपालन निदेशक डॉ आनंद सेजरा, गोपालन निदेशक प्रह्लाद सहाय नामा भी उपस्थित थे। बैठक में पशुपालन मंत्री कुमावत ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में स्वास्थ्य प्रमाण पत्रों की प्रगति, मोबाइल वेटरिनरी यूनिट के संचालन, एफएमडी टीकाकरण की प्रगति और पशु गणना आदि की जिलेवार समीक्षा की और वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे जिलों के अधिकारियों से जानकारी ली।

मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा में अब तक 20 लाख से अधिक पशुओं का पंजीकरण हो चुका है और 80 हजार से अधिक पशुओं के लिए स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी हो चुके हैं साथ ही 5 हजार से अधिक पशुओं की बीमा पॉलिसी भी जारी कर दी गई है। मंत्री कुमावत ने इस पर असंतोष व्यक्त करते हुए बीमा के काम में और गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने शेष रह गए स्वास्थ्य प्रमाण पत्र भी शीघ्र जारी करने के निर्देश देते हुए दो महीने के अंदर सभी पशुओं की बीमा पॉलिसी जारी करने के निर्देश दिए।

मोबाइल वेटरिनरी यूनिट के प्रभावी संचालन पर चर्चा करते हुए कुमावत ने कहा कि मोबाइल वेटरिनरी यूनिट भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी और महत्वपूर्ण योजना है। सरकार इस योजना पर काफी बजट खर्च कर रही है लेकिन अभी जो परिणाम मिलने चाहिए थे वे नहीं मिल रहे हैं। अभी क्षेत्र से शिकायतें आती हैं। उन्होंने जिला अधिकारियों से कहा कि अगर कोई समस्या है तो उसे निदेशालय को बताएं उसके निराकरण का प्रयास किया जाएगा।

बैठक में अतिरिक्त निदेशक पशुपालन डॉ सुरेश मीना, डॉ प्रवीण सेन सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा सभी संभागीय अतिरिक्त निदेशक और प्रदेश के सभी जिलों के संयुक्त निदेशक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

कार लेकर जा रहा ट्रेलर पुलिया से नांगल पुलिया से नीचे गिरा

बाइक को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा, चालक-खलासी घायल

जयपुर । राजधानी जयपुर के झोटवाड़ा इलाके में बाइक को बचाने के चक्कर में ट्रेलर नांगल पुलिया से नीचे गिर गया। इससे ट्रेलर चालक व खलासी घायल हो गए।

हादसे में ट्रेलर का आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेलर में कार भरी थी। वह मुंबई से गुडगांव जा रहा था। गनीमत रही कि हादसे के दौरान पुलिया के नीचे कोई गुजर नहीं रहा था। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे की जांच दुर्घटना थाना पश्चिम कर रही है। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम करीब सवा चार बजे मुंबई से गुडगांव जा रहा ट्रेलर अचानक सामने आई बाइक को बचाने के चक्कर में नांगल पुलिया से बेकाबू होकर नीचे जा गिरा। हादसे में ट्रेलर चालक व खलासी घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायलों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उनका उपचार जारी है। पुलिस ने ट्रेलर को सड़क के साइड में खड़ा करवा दिया है।

51 ग्राम स्मैक के साथ ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार

- स्पेशल टीम ने आरोपी को सांगानेर क्षेत्र से पकड़ा
- बरेली का रहने वाला यह तस्कर छोटे-छोटे पैकेट बनाकर ग्राहकों को बेचता था

जयपुर । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सांगानेर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 51.74 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि तस्कर यह स्मैक बेचने के लिए लाया था और जिसे ग्राहक को बेचने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपी तस्कर से पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुंदन कंवरिया ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने सांगानेर थाना इलाके में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले ड्रग्स तस्कर फैजुल अंसारी (25) निवासी शेरगढ़ बरेली (उत्तर प्रदेश) हाल सांगानेर मालपुरा गेट को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से मिली 51.74 ग्राम स्मैक को जब्त किया गया। पूछताछ में उसने अपने साथी से स्मैक तस्करी कर छोटे-छोटे पैकेट बनाकर अपने ग्राहक को बेचना स्वीकार किया। पुलिस आरोपी से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

विश्व नवकार मन्त्र दिवस आज

जयपुर । आध्यात्मिक उन्नित, शांति और सकारात्मक ऊर्जा को सशक्त करने के उद्देश्य से पूरे भारत में विश्व नवकार मन्त्र दिवस 9 अप्रैल को मनाया जा रहा है। जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाईजेशन की ओर से देशभर में आयोजित हो रहा है। ये आयोजन जयपुर, कोटा, उदयपुर, भीलवाड़ा व अजमेर सहित देश के 75 शहरों और 23 अन्य देशों के श्रद्धालु एक साथ नवकार मन्त्र का जाप करेंगे। 9 मार्च को भव्य रूप से आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम को शहर के 20 से अधिक जगहों पर किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम सी-स्किम स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया जाएगा। सुबह एक साथ नवकार मन्त्र का जाप किया जाएगा। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े भी शिरकत करेंगे। दिल्ली में विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत करेंगे।

सार-समाचार

श्रेया बनीं ''मिस प्राइड ऑफ राजस्थान''

जयपुर । ग्लैमर, हुनर और सम्मान का अद्वितीय संगम राजस्थान फैशन फेस्टिवल 2025 के दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ मालवीय नगर स्थित फोर्ट, जश्न में हुआ। वंशिका आर्ट्स एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित इस फेस्टिवल के तहत मिस एंड मिसेज़ प्राइड ऑफ राजस्थान सीजन 3 और राजस्थान प्राइड अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए फाउंडर और आयोजक, पूजा मक्कड ने बताया कि, ''मिस प्राइड ऑफ राजस्थान सीजन 3 की श्रेया अरोड़ा विजयता; पहेली रनर उप मुस्कान वर्मा और दूसरी रनर उप खुशबू कुमावत एंड मिसेज़ प्राइड ऑफ राजस्थान सीजन 3 की विजेता लिपी पांडे पहेली रनर उप अनुकृति और दूसरे रनरउपमाधवीरहीं। जिनका चयन मिस प्राइड ऑफ राजस्थान 2023, दिशा कुमावत; मिसेज़ प्राइड ऑफ राजस्थान 2023, दलजीत परसीजा और मिस फेमिना एफबीबी कलर टॉप 7 फाइनलिस्ट, ऐश्वर्या नौटियाल और मॉडल एंड एक्ट्रेस, दीपांशी तिवारी ने किया। चेयरमैन, के.वी.एस.एस, लालचंद चिराग और ओनर, सनीर बुटीक होटल, प्रतीक सलूजा ने बताया कि, कार्यक्रम का मुख्य और विशेष आकर्षण रहा कैंसर सर्वाइवर द्वारा रैंप वाक जिसमें मनीला सिंह; तमन्ना वर्मा; सिमरन श्रीमाल और शशि छजलानी ने भाग लिया। जिनको एपी कलेक्शंस के अलोक अग्रवाल ने डिज़ाइन किया था। राजस्थान के विभिन्न शहरों से चयनित प्रतिभागियों ने इस भव्य कार्यक्रम में आत्मविश्वास, सौंदर्य और शैली का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जयपुर मेयर, ज्योति खंडेलवाल; मिसेज़ इंडिया इंटरनेशनल, दीप्ती सैनी चौधरी; अपनी मूछों की लंबाई के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, राम सिंह चौहान रहे। मनोज सोनी ने इस कार्यक्रम का निर्देशन किया है।

संतोष अग्रवाल जिलाध्यक्ष मनोनीत

जयपुर । प्रदेश अग्रवाल महासभा राजस्थान में संतोष अग्रवाल को जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। महासभा परिवार ने उनको बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह नियुक्ति प्रदेशाध्यक्ष विनोद गोयल और प्रदेश महामंत्री मक्खन लाल कांडा ने की है।

स्थाई वारंटी रमेश आहुजा गिरफ्तार

जयपुर । सुभाष चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्थाई गिरफ्तारी वारंट में रमेश आहुजा को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की ओर से इनामी और वांछित स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए सुभाष चौक थाना पुलिस ने रमेश आहुजा उर्फ राहुल उर्फ रामू उर्फ रमू निवासी नाहरगढ जयपुर को किया है। सुभाष चौक पुलिस ने इनामी स्थाई वांरट में गौरीशंकर उर्फ बंटी निवासी बयाना जिला भरतपुर हाल मानसरोवर को पकडा है।

जयपुर पश्चिम के थानों में दर्ज हुए अपराधों की समीक्षा

जयपुर । अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (कानून एवं व्यवस्था) ने जिला जयपुर पश्चिम का वर्ष 2024 का वार्षिक निरीक्षण किया और जिला पश्चिम जयपुर के थानों में दर्ज अपराधों की समीक्षा की गई। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. रामेश्वर सिंह ने जिला जयपुर पश्चिम का वर्ष 2024 का वार्षिक निरीक्षण किया। कार्यालय पुलिस उपायुक्त जिला पश्चिम की अपराध शाखा, जिला विशेष शाखा, कार्यप्रणाली शाखा, तकनीकी शाखा मानव तस्करी विरोधी यूनिट, बल शाखा एवं गोपनीय शाखा का अवलोकन व निरीक्षण किया। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर द्वारा कार्यालय की शाखाओं के अवलोकन व निरीक्षण से पूर्व कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के पुलिस अधिकारियों की बैठक ली जाकर दर्ज अपराधों एवं कानून व्यवस्था की स्थिति जानी।

जयपुर-मुंबई फ्लाइट को बम से उडाने की धमकी

- बाथरूम में मिला बम होने का लेटर, जांच में जुटी मुंबई पुलिस

जयपुर । जयपुर से मुंबई गई इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई - 5282 में बम होने का लेटर मिलने के बाद मुंबई एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। इसके बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एंटी बम स्क्वॉड और पुलिस-प्रशासन को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पूरी फ्लाइट की सघन चैकिंग की गई। इसमें किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद सभी लोगों ने राहत की सांस ली।

दरअसल, जयपुर से मुंबई जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई - 5282 में एक धमकी भरा नोट मिलने से सोमवार रात मुंबई एयरपोर्ट पर मिलने से अफरा तफरी मच गई। इसके बाद एहतियात के तौर पर रात 8 बजकर 43 मिनट पर मुंबई एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई। फ्लाइट को सुरक्षित लैंड कराया गया। यह फ्लाइट रात करीब 8 बजकर 50 मिनट पर लैंड हुई। जिसके बाद फ्लाइट को सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत रिमोट बे में पार्क कर सभी पैसेंजर्स को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि फ्लाइट की लैंडिंग के बाद ट्रैकिंग के दौरान एयरलाइंस स्टाफ को फ्लाइट के बाथरूम में एक लेटर मिला था। इसमें फ्लाइट में बम होने की जानकारी थी। इसके बाद एयरपोर्ट सिक्योरिटी और पुलिस की टीम ने पूरी फ्लाइट की सघन चेकिंग की। कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। इसके बाद अब मुंबई पुलिस की टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि धमकी भरी चिट्ठी बाथरूम में किसने और क्यों रखी थी।

कॉलेज छात्रा से सरेराह छेड़छाड़

जयपुर । करणी विहार इलाके में एक कॉलेज छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी रास्ते में पीछा कर गंदे कमेंट करता है। उससे बात नहीं करने पर एडिट फोटोज को वायरल करने की धमकी देता। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

मामले की जांच एसीपी वैशाली नगर आलोक गौत्तम कर रहे है। पुलिस ने बताया कि करणी विहार की रहने वाली 21 साल की युवती ने मामला दर्ज करवाया कि वह एक प्राइवेट कॉलेज में पढ़ती है। आरोप है कि इमरान नाम का लड़का रास्ते से आते-जाते समय उसका पीछा करता है। रास्ते में छेड़छाड़ करने के साथ गंदे कमेंट करता है। उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल-मैसेज कर बात करने के लिए धमकाता है। मना करने पर एआई से फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी देता है। टॉर्चर से परेशान होकर पीड़िता ने करणी विहार थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

चूड़ी कारखाने से पांच बाल श्रमिकों को छुडाया

- बच्चों से 12 से 14 घंटे तक चूड़ी बनाने का काम करवाते थे आरोपी

जयपुर । भट्टा-बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चूड़ी बनाने के कारखाने में काम कर रहे पांच बालश्रमिकों को छुडाया है। वहीं पुलिस की कार्रवाई के दौरान कारखाना संचालक वाल्मीकी चौधरी निवासी नीमचक बथानी जिला गया(बिहार) को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि भट्टा-बस्ती थाना इलाके में स्थित एक मकान में चुडी बनाने कारखाना है।

जिसमें बालश्रमिकों से काम करवाया जा रहा था। इस पर पुलिस ने मकान पर दबिश दी। इस दौरान वहां पांच नाबालिक बच्चे चुडी बनाते हुए पाए गए, जिन्हे पुलिस ने छुडवाया। इधर पुलिस कार्रवाई के दौरान कारखाना वाल्मीकी चौधरी को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ बाल श्रमिकों करवाने का मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक मुक्त कराए गए सभी बच्चे बिहार के रहने वाले हैं जिनकी उम्र 10 साल से लेकर 15 साल तक के बीच है।

पूछताछ में सामने आया कि कारखाना मालिक सभी बच्चों से 12 से 14 घंटे तक चूड़ी बनाने का कार्य करवाते था।

आरोपित बिहार से गरीब तबके के नाबालिग बच्चों को उनके माता-पिता की बिना सहमति से जयपुर लाकर उन बच्चों को चुडी बनाने के काम में लगा देता था।

बारां में आंगनबाड़ी केंद्रों को विकसित करने की धीमी प्रगति पर असंतोष जताया

महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशक ओपी बुनकर ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक लेकर आंगनबाड़ियों में पोषण वाटिकाओं एवं अन्य विकास कार्यों की समीक्षा की।

- उन्होंने डिस्टेंम्पर, बाला पेंटिंग के साथ आरओ, एलईडी एवं पोषण वाटिका के कार्य समय पर कराने के निर्देश दिए

जयपुर (कासं)। महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) निदेशक ओपी बुनकर ने अधिकारियों को आंगनबाड़ियों में पोषण वाटिकाओं एवं अन्य विकास कार्यों को गति प्रदान कर, शीघ्रता से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बारां जिले में संचालित सामान्य आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित किये जाने की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी पर विकास कार्यों को समय पर पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

राज्य के तीन जिलों बारां, करौली एवं धौलपुर में संचालित 213 सामान्य आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में विकसित करने हेतु मौके पर जो कार्य किये जा रहे हैं उनकी प्रगति की समीक्षा के लिए उन जिलों के उपनिदेशकों एवं संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारियों (सीडीपीओ) की वी सी के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में निदेशक ने धौलपुर एवं करौली जिले के कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया जबकि बारां जिले में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने डिस्टेंम्पर, बाला पेंटिंग के साथ आरओ, एलईडी एवं पोषण वाटिका के कार्य समय पर करने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

निदेशक आईसीडीएस को उपनिदेशक बारां ने अवगत कराया कि डिस्टेंपर एवं बाला पेंटिंग के कार्य में निविदा की दर 50 प्रतिशत होने से 50 प्रतिशत राशि बाकि (शेष) रह गई है।

एकादशी पर गोविंददेवजी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

जयपुर (कासं)। नव संवत्सर की पहली एकादशी पर मंगलवार को श्रद्धालु आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में उमड़ पड़े। सुबह की मंगला झांकी से लेकर रात्रि की शयन झांकी में अपेक्षाकृत अधिक श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के दर्शन किए।

इस मौके पर मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक कर लाल रंग की पोशाक धारण कराई गई। पुष्प, चंदन और आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया गया। श्रृंगार और राजभोग झांकी में मंदिर परिसर में पैर रखने की भी जगह नहीं बची। सुबह गीता के पाठ भी हुए। पुरानी बस्ती स्थित गोपीनाथजी मंदिर में महंत सिद्धार्थ गोस्वामी के सान्निध्य में एकादशी उत्सव मनाया गया। चौड़ा रास्ता स्थित राधा दामोदर जी मंदिर में महंत मलय गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार किया गया। सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित शुक संप्रदाय की प्रधान पीठ श्री सरस निकुंज में शुक संप्रदायाचार्य अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में एकादशी उत्सव मनाया। प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि सुबह वेदोक्त मंत्रोच्चार से ठाकुर राधा सरस बिहारी सरकार का पंचामृत अभिषेक किया।

एन.जी.ओ. की आड़ में नाबालिग लड़कियों की खरीद-फरोख्त करने वाले 4 गिरफ्तार

आरोपित फेसबुक के जरिए नाबालिगों के परिवार को शादी करवाने के बहाने फंसाते थे और बच्चियों को देह व्यापार के लिए बेच देते थे

-कार्यालय संवाददाता-

गिरफ्तार आरोपी एन.जी.ओ. संचालक

जयपुर । बस्सी पुलिस ने एनजीओ की आड़ में नाबालिग लड़कियों की खरीद-फरोख्त करने वाले एनजीओ संचालिका सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित फेसबुक के जरिए नाबालिग लड़कियों के परिवार को शादी करवाने के बहाने फंसाते थे और फिर एजेंटों के जरिए बहला-फुसलाकर लाई नाबालिग लड़कियों को मोटी रकम लेकर देह व्यापार के लिए बेच देते थे।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि बस्सी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एनजीओ की आड़ में नाबालिग लड़कियों की खरीद-फरोख्त करने के मामले में एनजीओ संचालिका गायत्री विश्वकर्मा (52) निवासी प्रेम नगर खोह नागोरियान, भगवानदास (27), महेन्द्र (45) निवासी नसीराबाद जिला अजमेर और हनुमान सिंह (32) निवासी कोलवा जिला दौसा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी गायत्री विश्वकर्मा सर्वसमाज गायत्री फाउण्डेशन (एनजीओ) सुजानपुरा बस्सी की संचालिका है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बस्सी इलाके में सर्वसमाज गायत्री फाउण्डेशन नाम का एनजीओ चलता है, जो एनजीओ की आड़ में नाबालिग लड़कियों की शादी करवाने के बहाने खरीद-फरोख्त की जाती है।

पुलिस ने सूचना के आधार पर एनजीओ पर दबिश देते हुए एनजीओ संचालिका सहित चारों आरोपियों को पकडा। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि एनजीओ की ओर से फेसबुक पर प्रचार-प्रसार कर शादी करवाने का झांसा दिया जाता था। लोगों को बुलाकर नाबालिग लड़कियों की शादी करवाने की कहते थे।

इसके अलावा सर्व समाज गायत्री फाउडेण्शन एनजीओ के एजेंट उत्तर प्रदेश, बंगाल, बिहार सहित अन्य राज्यों से गरीब लड़कियों को ढूंढकर बहला-फुसलाकर लेकर आते है और फिर एनजीओ की संचालिका गायत्री विश्वकर्मा को लाकर बेच देते है। जिसके बाद गायत्री खरीदी हुई लड़कियों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर मोटी रकम लेकर अवैध शादियां करवाती है।

आरोपी गायत्री विश्वकर्मा पहले यह कारोबार कानोता इलाके में चलाती थी। इसके खिलाफ मुकदमें अधिक हो जाने के कारण गायत्री विश्वकर्मा ने कानोता इलाका छोड़ दिया। वह पिछले 7-8 साल से यह अवैध कारोबार बस्सी स्थित सुजानपुरा गांव में खोल लिया। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।